an>

Title: Need to expedite construction of a bridge on river Indrawati in Bijapur district of Chhattisgarh.

श्री दिनेश कश्यप (बस्तर) : अध्यक्ष महोदया, धन्यवाद। आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी, गृह मंत्री जी और साथ ही श्री गडकरी जी को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं। हमारे यहां जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, मैं खासकर अपने संसदीय क्षेत्र बस्तर क्षेत्र के बारे में बोलना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में छह जिले आते हैं, जिसमें से तीन–चार जिले ऐसे हैं, जहां रोड नहीं होने की वजह से लोग जिला मुख्यालय तक भी नहीं पहुंच पाते हैं। मैं आपको यह बता देना चाहता हूं कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में जगदलपुर से भोपालपटनम–निजामाबाद के लिए एक रोड स्वीकृत हुई थी, यह आज भी अधूरी है। हमारी सरकार आने के बाद वहां पर पुलिस फोर्स बढ़ाकर फिर से काम शुरू किया गया है। भोपालपटनम तक रोड बन चुका है तथा पुल–पुलिया का काम तीव्र गति से चल रहा है। भोपालपटनम का आखिरी छोर आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र राज्य की सीमा को जोड़ता है। इन्द्रावती नदी पर एक पुल बनने वाला था जो वर्ष 2016 तक पूर्ण होने वाला था, लेकिन अभी तक यहां पर 10 प्रतिशत भी काम नहीं हुआ है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह है कि इस पुल को जल्दी से जल्दी बनाया जाए, क्योंकि यह दो राज्यों को जोड़ने वाला पुल है। इससे दो राज्यों के लोगों को अवागमन का मार्ग प्रशस्त होगा और इसमें सामाजिक कार्य भी होगा। ऐसा मेरा मानना है कि जब अवाजाही बढ़ेगा तो नक्सली मूवमेंट भी कम होगा। इसलिए मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह है कि इसका जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री दिनेश कश्यप द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

अब मैं लिस्ट के अलावा कुछ लोगों को समय दूंगी, लेकिन केवल आधा–आधा मिनट बोलने वाले हैं तो समय दूंगी, नहीं तो नहीं दूंगी।